# PAPER-II
# MASS COMMUNICATION & JOURNALISM

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...........................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 6 3 1 1**

Time : 1 ¼ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

## MASS COMMUNICATION & JOURNALISM

### Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** The circulation of the newspapers and periodicals are calculated by the A.B.C. on the basis of
- (A) National Readership Survey
- (B) Survey Conducted by Newspaper Management
- (C) Spot Study Conducted by the A.B.C. Staff
- (D) Study conducted by Information and Broadcasting Ministry

**2.** Which of the following does not form a part of Development Communication ?
- (A) Socio-economic reporting
- (B) Sensational reporting
- (C) Investigative reporting
- (D) Science reporting

**3.** The two member sub-committee set up by the Press Council of India to examine paid news scandal, comprised
- (A) Anupam Kher and Sharmila Tagore
- (B) Sharmila Tagore and Prananjoy Guha Thakurta
- (C) P. Sainath and Aroon Puri
- (D) K. Sreenivas Reddy and Prananjoy Guha Thakurta

**4.** Skype, the software application which allows users to make free voice and video calls and chats over the internet has been acquired by
- (A) Yahoo (B) Microsoft
- (C) Google (D) Apple

**5.** Section A and B refer to the categories of profiling of
- (A) Television content
- (B) Audience
- (C) Program rating
- (D) Newspaper ratings

**6.** Which of the following terms is not related to online media ?
- (A) Weblog (B) Website
- (C) Gravure (D) Phishing

**7.** Which of the following terms is not related to printing process ?
- (A) Offset (B) Flatbed
- (C) Rotary (D) Embargo

**8.** In Electronic Media, 'Dolly' stands for
- (A) Platform on wheels, on which a camera is mounted
- (B) Curved length blue or grey background in a TV studio
- (C) Small microphone picking sound from one direction only.
- (D) Switching desk in the control room at which the vision mixer works.

**9.** Which of the following is a primary colour ?
- (A) Blue (B) Yellow
- (C) Cyan (D) Magenta

**10.** "Comment is free; facts are sacred". Who made this statement ?
- (A) C.P. Scott
- (B) Brian Robert
- (C) William Francis
- (D) James Goldsmith

**11.** The term 'Vividh Bharati' is related to
- (A) School Education
- (B) College Education
- (C) Radio
- (D) TV

**12.** Which of the following is related to Mac Bride Report ?
- (A) Many voices one world
- (B) Communication Theory
- (C) Non-aligned Movement
- (D) Ethics of Media

**13.** Ear panels are
- (A) Panel of experts from Journalism
- (B) Panel of experts from Beautician course
- (C) Advertisements on two sides of the Masthead of a newspaper
- (D) Panel of experts from Ear, Nose and Throat (ENT) Department

# जनसंचार एवं पत्रकारिता

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं के सर्कुलेशन की गणना ए.बी.सी.द्वारा किस आधार पर की जाती है ?
(A) राष्ट्रीय रीडरशिप सर्वेक्षण के आधार पर ।
(B) समाचारपत्र के प्रबंधन निकाय द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर ।
(C) ए.बी.सी. स्टाफ द्वारा किए गए स्पॉट स्टडी के आधार पर ।
(D) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर

**2.** निम्नलिखित में से कौन विकास संचार का एक भाग नहीं है ?
(A) सामाजिक-आर्थिक रिपोर्टिंग
(B) सनसनीखेज रिपोर्टिंग
(C) खोज परक रिपोर्टिंग
(D) विज्ञानपरक रिपोर्टिंग

**3.** पेड न्यूज स्कैंडल की जाँच करने के लिए प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा गठित द्वि-सदस्यीय उप-समिति के दो सदस्य कौन-कौन थे ?
(A) अनुपम खेर तथा शर्मिला टैगोर
(B) शर्मिला टैगोर तथा प्रणन्जय गुहा ठकुरता
(C) पी. साईनाथ तथा अरुण पुरी
(D) के. श्रीनिवास रेड्डी तथा प्रणन्जय गुहा ठकुराता

**4.** स्काइप नामक सॉफ्टवेयर, जिसके द्वारा उपयोक्ता इंटरनेट पर वॉइस तथा वीडियो कॉल्स तथा चैट नि:शुल्क कर सकते हैं, का अधिग्रहण किसके द्वारा किया गया ?
(A) याहू (B) माइक्रोसॉफ्ट
(C) गूगल (D) एप्पल

**5.** सेक्शन ए तथा बी किसकी प्रोफाइलिंग की कोटियों को संदर्भित करते हैं ?
(A) टेलीविजन कॉंटेंट
(B) ऑडिएंस
(C) प्रोग्राम रेटिंग
(D) समाचारपत्र रेटिंग

**6.** निम्नलिखित पदों में से कौन सा पद ऑनलाइन मीडिया से संबंधित नहीं है ?
(A) वेबलॉग (B) वेबसाइट
(C) ग्रेव्यूरे (D) फिशिंग

**7.** निम्नलिखित पदों में से कौन सा पद मुद्रण-प्रक्रिया से संबंधित नहीं है ?
(A) ऑफसेट (B) फ्लैटबेड
(C) रोटरी (D) इंबार्गो

**8.** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में 'डॉली' किसका प्रतिनिधित्व करता है ?
(A) पहियायुक्त प्लेटफार्म, जिस पर कैमरा रखा जाता है ।
(B) टीवी स्टूडियो में हल्की नीली या भूरी वक्र पृष्ठभूमि ।
(C) केवल एक दिशा से ध्वनि ग्रहण करने वाला लघु माइक्रोस्फोन
(D) कंट्रोल रूम में स्विचिंग डेस्क जिस पर विजन मिक्सर काम करता है ।

**9.** निम्नलिखित में से कौन मूल रंग है ?
(A) नीला (B) पीला
(C) स्यान (D) मेजेंटा

**10.** "टिप्पणी निर्बाध है; तथ्य पुनीत है ।" – यह किसका कथन है ?
(A) सी.पी. स्कॉट (B) ब्रेन रॉबर्ट
(C) विलियम फ्रॉंसिस (D) जेम्स गोल्डस्मिथ

**11.** 'विविध भारती' पद किससे संबंधित है ?
(A) विद्यालय शिक्षा
(B) महाविद्यालय शिक्षा
(C) रेडियो
(D) टीवी

**12.** निम्नलिखित में से कौन मैक ब्राइड रिपोर्ट से संबंधित है ?
(A) मेनी वायसेज वन वर्ल्ड
(B) संचार सिद्धान्त
(C) गुट निरपेक्ष आंदोलन
(D) मीडिया की नैतिकता

**13.** इयर पैनल्स क्या हैं ?
(A) पत्रकारिता के क्षेत्र से विशेषज्ञों का पैनल (नामिका)
(B) शृंगार व्यवसाय पाठ्यक्रम से विशेषज्ञों का पैनल
(C) समाचार पत्र के ध्वजशीर्ष (मास्ट हेड) के दोनों ओर प्रकाशित विज्ञापन
(D) कान, नाक तथा गला (ई एन टी) विभाग से विशेषज्ञों का पैनल

14. Nickwick was a Pulitzer Award winning photographer. This photograph was connected with
   (A) Vietnam War
   (B) Iraq War
   (C) India-China War
   (D) India-Pak War

15. Mudra Communication Ltd is
   (A) News Agency
   (B) Advertising Agency
   (C) Travelling Agency
   (D) Feature Syndicate

16. In Radio, the term FM stands for
   (A) Frequency Modification
   (B) Frequency Modulated
   (C) Frank Mode
   (D) Frank Mass

17. Which of the following is a mismatch ?
   (A) The Dinamalar – Tamil
   (B) Malayala Manorama – Malayalam
   (C) Rajasthan Patrika – English
   (D) Navbharat Times – Hindi

18. **Assertion (A) :** In India, the multimedia production is of bad quality.
   **Reason (R) :** Because, the technical personnel working for multimedia production are not professionally trained.
   (A) Both (A) and (R) are wrong.
   (B) Both (A) and (R) are right.
   (C) (A) is true, but (R) is not the sufficient reason for it.
   (D) (A) is not right, but (R) is partially true.

19. **Assertion (A) :** Out of sight, out of mind. Out of media, out of mind
   **Reason (R) :** Without media, no one knows your worth.
   (A) Both (A) and (R) are correct.
   (B) Both (A) and (R) are incorrect.
   (C) (A) is correct, (R) is not fully agreeable.
   (D) (A) is incorrect, (R) is correct.

20. **Assertion (A) :** A good writing should be both informative and interesting.
   **Reason (R) :** Both information and interest keep the reader glued to the write-up
   (A) Both (A) and (R) are incorrect.
   (B) Both (A) and (R) are correct.
   (C) (A) is correct, (R) is incorrect.
   (D) (A) is incorrect, (R) is correct.

21. **Assertion (A) :** The ethics of journalism are eroding at a fast pace.
   **Reason (R) :** It is because of the market forces and revenue driven policies.
   (A) Both (A) and (R) are correct.
   (B) Both (A) and (R) are incorrect.
   (C) (A) is incorrect, (R) is correct.
   (D) (A) is correct but there can be many other reasons in (R).

22. **Assertion (A) :** Indian media is not giving adequate coverage to social concerns, environment, human rights, gender equality etc
   **Reason (R) :** Media persons are not sensitive to these issues.
   (A) Both (A) and (R) are incorrect.
   (B) (A) is incorrect, (R) is correct.
   (C) (A) is correct, (R) is incorrect.
   (D) (A) is correct but (R) is not the only reason for this.

23. **Assertion (A) :** Many of our social researchers are dubbed as data exporters.
   **Reason (R) :** We lay too much emphasis on quantitative aspect and neglect the qualitative aspect of research.
   (A) It is difficult to agree with both (A) and (R).
   (B) Both (A) and (R) are correct.
   (C) (A) is incorrect, (R) is correct.
   (D) (A) is correct, (R) is incorrect.

**14.** निक विक पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित फोटोग्राफर था । यह फोटोग्राफ किससे संबंधित था ?
(A) वियतनाम युद्ध
(B) ईराक युद्ध
(C) भारत-चीन युद्ध
(D) भारत-पाकिस्तान युद्ध

**15.** मुद्रा कम्युनिकेशन लिमिटेड क्या है ?
(A) एक समाचार एजेंसी
(B) एक विज्ञापन एजेंसी
(C) एक पर्यटन एजेंसी
(D) फीचर सिंडिकेट

**16.** रेडियो के परिप्रेक्ष्य में एफ एम का पूर्ण रूप क्या है ?
(A) फ्रीक्वेंसी मॉडिफिकेशन
(B) फ्रीक्वेंसी मॉडुलेटेड
(C) फ्रैंक मोड
(D) फ्रैंक मास

**17.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
(A) दि दिनामलार – तमिल
(B) मलयाला मनोरमा – मलयालम
(C) राजस्थान पत्रिका – अंग्रेजी
(D) नवभारत टाइम्स – हिन्दी

**18.** **अभिकथन (A)** : भारत में मल्टीमीडिया उत्पादन की गुणवत्ता ठीक नहीं है ।
**कारण (R)** : क्योंकि मल्टीमीडिया उत्पादन में कार्यरत तकनीकी कर्मी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं हैं ।
(A) दोनों (A) और (R) गलत हैं ।
(B) दोनों (A) और (R) सत्य हैं ।
(C) (A) सत्य हैं, पर (R) उचित कारण नहीं है ।
(D) (A) असत्य है, पर (R) अंशत: असत्य है ।

**19.** **अभिकथन (A)** : दृष्टि से बाहर, विचार से बाहर । मीडिया से बाहर, विचार से बाहर ।
**कारण (R)** : मीडिया के बिना कोई भी आपकी कार्यकुशलता को नहीं जान सकता ।
(A) दोनों (A) और (R) सत्य हैं ।
(B) दोनों (A) और (R) सत्य नहीं हैं ।
(C) (A) सत्य है और (R) पूर्णत: सही नहीं है ।
(D) (A) असत्य है और (R) सत्य है ।

**20.** **अभिकथन (A)** : एक अच्छे लेखन में जानकारी एवं रोचकता दोनों होनी चाहिए ।
**कारण (R)** : जानकारी और रोचकता पाठक का लेख से जुड़ाव बनाये रखती हैं ।
(A) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(C) (A) सत्य है, (R) सही नहीं है ।
(D) (A) गलत है, (R) सत्य है ।

**21.** **अभिकथन (A)** : पत्रकारिता में नैतिकता तेजी से विलुप्त हो रही है ।
**कारण (R)** : क्योंकि आज पत्रकारिता का बाजारीकरण एवं लाभ प्राप्ति का नीतिकरण हो गया है ।
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(B) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।
(C) (A) सही नहीं, लेकिन (R) सही है ।
(D) (A) सत्य है, लेकिन (R) के अन्य कारण भी हो सकते हैं ।

**22.** **अभिकथन (A)** : भारतीय मीडिया सामाजिक मुद्दों, वातावरण, मानवाधिकार, लिंग समानता आदि का सम्पूर्ण कवरेज नहीं कर रहा है ।
**कारण (R)** : पत्रकार इन मुद्दों के प्रति संवेदनशील नहीं है ।
(A) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।
(B) (A) सही नहीं और (R) सही है ।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है ।
(D) (A) सही है, लेकिन (R) ही केवल इसका कारण नहीं है ।

**23.** **अभिकथन (A)** : हमारे अनेक सामाजिक शोधकर्ताओं को डेटा निर्यातक (डेटा एक्सपोर्टर) कहा जा सकता है ।
**कारण (R)** : हम शोध के परिमाणात्मक पक्ष पर अत्यधिक बल देते हैं तथा परिणामात्मक पक्ष की अनदेखी करते हैं ।
(A) (A) और (R) दोनों पर सहमत होना कठिन है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(C) (A) सही नहीं है, (R) सही है ।
(D) (A) सही है, (R) सही नहीं है ।

24. **Assertion (A) :** Democracy cannot survive without a free press.
**Reason (R) :** Freedom of press gives voice to the voice-less
(A) Both (A) and (R) are incorrect.
(B) Both (A) and (R) are correct.
(C) (A) is incorrect, (R) is correct.
(D) (A) is correct, (R) is incorrect.

25. **Assertion (A) :** Face-to-Face communication is better than mass communication.
**Reason (R) :** Because face emits vibrations and leads to a heart-to-heart communication.
(A) Both (A) and (R) are incorrect.
(B) Both (A) and (R) are correct.
(C) (A) is not correct in all the situations while (R) is correct.
(D) (A) and (R) are not correct in the situations but both may be correct in certain situations.

26. **Assertion (A) :** Television can be the best effective media of communication for rural development.
**Reason (R) :** As it provides the visual content too.
(A) Both (A) and (R) are incorrect.
(B) (A) is correct, (R) is incorrect.
(C) (A) is incorrect, (R) is correct.
(D) (A) is correct but there can be many other reasons in (R).

27. Identify the correct logical order of the elements in a research project
(A) Title – Review of Literature – Introduction – Instrument – Methodology
(B) Title – Review of Literature – Introduction – Methodology – Instrument
(C) Introduction – Methodology – Review of literature – Title – Instrument
(D) Title – Introduction – Review of Lit. – Methodology – Instrument

28. Identify the correct sequence of recording format chronologically as they evolved
(A) Blue Ray – Betacam – Mini DV – U matic
(B) Betacam – Mini DV – Blue Ray – U matic
(C) Mini DV – Betacam – U matic – Blue Ray
(D) U matic – Betacam – Mini DV – Blue Ray

29. Identify the correct sequence of media as they became popular, arranged in chronological order
(A) Printing Press – B' casting – Narrow casting – Web casting – User generated content
(B) Printing Press – Narrow – casting – User generated content – B' casting – Web casting
(C) B' casting – Printing Press – Narrow casting – Web casting – User generated content
(D) B' casting – Printing press – User generated content – Narrow casting – Web casting

30. Select the correct order of cinematic processes
(A) Direction – Scripting – Cinematography – Editing – Post production
(B) Cinematography – Direction – Scripting – Editing – Post production
(C) Scripting – Direction – Cinematography – Editing – Post production
(D) Editing – Scripting – Direction – Cinematography – Post production

24. **अभिकथन (A)** : मीडिया की स्वतंत्रता के बिना लोकतंत्र जीवित नहीं रह सकता ।

**कारण (R)** : मीडिया की स्वतंत्रता बेजुबान लोगों को जुबान देती है ।

(A) (A) और (R) दोनों ठीक नहीं हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों ठीक हैं ।

(C) (A) ठीक नहीं है, (R) ठीक है ।

(D) (A) ठीक है, (R) ठीक नहीं है ।

25. **अभिकथन (A)** : प्रत्यक्ष संचार का प्रभाव जनसंचार से अच्छा होता है ।

**कारण (R)** : क्योंकि चेहरे से निकलती तरंगें दिल की बात को दिल तक पहुँचाती हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों ठीक नहीं हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों ठीक हैं ।

(C) (A) सभी स्थिति में ठीक नहीं है, पर (R) ठीक है ।

(D) इस स्थिति में (A) और (R) दोनों ठीक नहीं लेकिन विशेष स्थिति में दोनों ठीक भी हो सकते हैं ।

26. **अभिकथन (A)** : ग्रामीण विकास के लिए टेलीविजन सबसे अच्छा माध्यम हो सकता है ।

**कारण (R)** : क्योंकि टेलीविजन चित्र भी दिखाता है ।

(A) (A) और (R) दोनों ठीक नहीं हैं ।

(B) (A) ठीक है, (R) ठीक नहीं है ।

(C) (A) ठीक नहीं है, (R) ठीक है ।

(D) (A) ठीक है, पर (R) के अन्य कारण भी हो सकते हैं ।

27. एक शोध परियोजना में निहित तत्त्वों का तार्किक क्रम पहचानें

(A) शीर्षक – साहित्य समीक्षा – भूमिका – उपकरण – प्रविधि

(B) शीर्षक – साहित्य समीक्षा – भूमिका – प्रविधि – उपकरण

(C) भूमिका – प्रविधि – साहित्य समीक्षा – शीर्षक – उपकरण

(D) शीर्षक – भूमिका – साहित्य समीक्षा – प्रविधि – उपकरण

28. निम्नलिखित रिकार्डिंग फारमेट्स को उनके उद्भव के कालानुक्रम में किस विकल्प में व्यवस्थित किया गया है ?

(A) ब्लू रे – बीटाकैम – मिनी डीवी – यू मेटिक

(B) बीटाकैम – मिनी डीवी – ब्लू रे – यू मेटिक

(C) मिनी डीवी – बीटाकैम – यू मेटिक – ब्लू रे

(D) यू मेटिक – बीटाकैम – मिनी डीवी – ब्लू रे

29. विभिन्न प्रकार की मीडिया के लोकप्रिय होने के कालक्रम को कौन सा विकल्प प्रदर्शित करता है ?

(A) प्रिन्टिंग प्रेस – बी' कास्टिंग – नेरोकास्टिंग – वेब कास्टिंग – उपयोगकर्ता द्वारा प्रस्तुत अन्तर्वस्तु

(B) प्रिन्टिंग प्रेस – नेरोकास्टिंग – उपयोगकर्ता द्वारा प्रस्तुत अन्तर्वस्तु – बी' कास्टिंग – वेब कास्टिंग

(C) बी' कास्टिंग – प्रिन्टिंग प्रेस – नेरो कास्टिंग – वेब कास्टिंग – उपयोगकर्ता द्वारा प्रस्तुत अन्तर्वस्तु

(D) बी' कास्टिंग – प्रिन्टिंग प्रेस – उपयोगकर्ता द्वारा प्रस्तुत अन्तर्वस्तु – नेरोकास्टिंग – वेब कास्टिंग

30. सिनेमा गतिविधि में जुड़ी प्रक्रियाओं का सही क्रम कौन सा है ?

(A) दिग्दर्शन – लेखन – सिनेमेटोग्राफी – संपादन – पोस्ट प्रोडक्शन

(B) सिनेमेटोग्राफी – दिग्दर्शन – लेखन – संपादन – पोस्ट प्रोडक्शन

(C) लेखन – दिग्दर्शन – सिनेमेटोग्राफी – संपादन – पोस्ट प्रोडक्शन

(D) संपादन – लेखन – दिग्दर्शन – सिनेमेटोग्राफी – पोस्ट प्रोडक्शन

**31.** Besides many other things, newspaper publish news, editorials, articles and letters to editor. Search the correct sequence starting from maximum to minimum number of these items.

(A) News – Articles – Editorials – Letters to Editor

(B) Articles – News – Letters to Editor – Editorials

(C) News – Articles – Letters to Editor – Editorials

(D) Articles – Letters to Editor – Editorials – News

**32.** In the history of evolution of radio communication in India, the correct sequence is

(A) AIR – FM – Digital Audio Broadcasting – Internet Radio

(B) FM – AIR – Digital Audio Broadcasting – Internet Radio

(C) AIR – Digital Audio Broadcasting – FM – Internet Radio

(D) AIR – Internet radio – FM – Digital Audio Broadcasting

**33.** Identify the correct sequence of the Dada Shahele Phalke recipients in chronological order starting with the latest

(A) Adoor Gopalakrishnan – Mrinal Sen – Yash Chopra – Shyam Benegal – Dev Anand

(B) Adoor Gopalakrishnan – Mrinal Sen – Shyam Benegal Dev Anand – Yash Chopra

(C) Adoor Gopalakrishnan – Yash Chopra – Mrinal Sen – Dev Anand – Shyam Benegal

(D) Shyam Benegal – Adoor Gopalakrishnan – Mrinal Sen – Dev Anand – Yash Chopra

**34.** Search for the correct sequence on the following media appeared on the global scene

(A) Radio – Newspaper – TV – Internet

(B) Newspaper – Radio – TV – Internet

(C) Newspaper – Radio – Internet – TV

(D) Radio – TV – Newspaper – Internet

**35.** Select the correct sequence of establishment of following news agencies in India

(A) Press News Bureau – Free Press of India – United Press of India – Press Trust of India

(B) Press News Bureau – United Press of India – Free Press of India – Press Trust of India

(C) Free Press of India – Press News Bureau – United Press of India – Press Trust of India

(D) United Press of India – Press News Bureau – Free Press of India – Press Trust of India

**36.** Identify the correct sequence of the following Newspapers in order of their launching year

(A) Bombay Herald – Samachar Darpan – Economic Times – Bengal Gazette

(B) Bengal Gazette – Samachar Darpan – Economic Times – Bombay Herald

(C) Economic Times – Bombay Herald – Bengal Gazette – Samachar Darpan

(D) Bengal Gazette – Bombay Herald – Samachar Darpan – Economic Times

**31.** अन्य अनेक चीजों के अतिरिक्त समाचार पत्र समाचारों, सम्पादकीय, लेखों तथा पाठकों के (संपादक को भेजे गये) पत्रों का प्रकाशन करते हैं । इन मदों को उनकी अधिक संख्या से कम संख्या के क्रम में व्यवस्थित कीजिए ।

(A) समाचार – लेख – संपादकीय – पाठकों के पत्र

(B) लेख – समाचार – पाठकों के पत्र – संपादकीय

(C) समाचार – लेख – पाठकों के पत्र – संपादकीय

(D) लेख – पाठकों के पत्र – संपादकीय – समाचार

**32.** भारत में रेडियो संचार के इतिहास के विकास का सही क्रम कौन सा है ?

(A) ए आई आर – एफ एम – डिजिटल ऑडियो प्रसारण – इंटरनेट रेडियो

(B) एफ एम – ए आई आर – डिजिटल ऑडियो प्रसारण – इंटरनेट रेडियो

(C) ए आई आर – डिजिटल ऑजियो प्रसारण – एफ एम – इंटरनेट रेडियो

(D) ए आई आर – इंटरनेट रेडियो – एफ एम – डिजिटल रेडियो प्रसारण

**33.** दादा साहेब फालके पुरस्कार से नवाजे गए व्यक्तियों को पुरस्कार प्राप्ति के अवरोही क्रम (नवीनतम पहले) में व्यवस्थित कीजिए :

(A) अदूर गोपाल कृष्णन – मृणाल सेन – यश चोपड़ा – श्याम बेनेगल – देव आनन्द

(B) अदूर गोपाल कृष्णन – मृणाल सेन – श्याम बेनेगल – देव आनन्द – यश चोपड़ा

(C) अदूर गोपाल कृष्णन – यश चोपड़ा – मृणाल सेन – देव आनन्द – श्याम बेनेगल

(D) श्याम बेनेगल – अदूर गोपाल कृष्णन – मृणाल सेन – देव आनन्द – यश चोपड़ा

**34.** विश्व स्तर पर निम्नलिखित मीडिया के अवतरण का सही क्रम कौन सा विकल्प प्रदर्शित करता है ?

(A) रेडियो – समाचारपत्र – टीवी – इंटरनेट

(B) समाचारपत्र – रेडियो – टीवी – इंटरनेट

(C) समाचारपत्र – रेडियो – इंटरनेट – टीवी

(D) रेडियो – टीवी – समाचारपत्र – इंटरनेट

**35.** भारत में समाचार एजेंसियों की स्थापना का सही अनुक्रम बताएँ ।

(A) प्रेस न्यूज ब्यूरो – फ्री प्रेस ऑफ इंडिया – यूनाईटेड प्रेस ऑफ इंडिया – प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया

(B) प्रेस न्यूज ब्यूरो – यूनाईटेड प्रेस ऑफ इंडिया – फ्री प्रेस ऑफ इंडिया – प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया

(C) फ्री प्रेस ऑफ इंडिया – प्रेस न्यूज ब्यूरो – यूनाईटेड प्रेस ऑफ इंडिया – प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया

(D) यूनाईटेड प्रेस ऑफ इंडिया – प्रेस न्यूज ब्यूरो – फ्री प्रेस ऑफ इंडिया – प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया

**36.** निम्नलिखित समाचारपत्रों को उनके प्रथम प्रकाशन वर्ष के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(A) बाम्बे हेराल्ड – समाचार दर्पण – इकोनामिक टाइम्स – बंगाल गजट

(B) बंगाल गजट – समाचार दर्पण – इकोनामिक टाइम्स – बाम्बे हेराल्ड

(C) इकोनामिक टाइम्स – बाम्बे हेराल्ड – बंगाल गजट – समाचार दर्पण

(D) बंगाल गजट – बाम्बे हेराल्ड – समाचार दर्पण – इकोनामिक टाइम्स

37. Search the correct chronological sequence of India's colour feature films

(A) Jhansi Ki Rani – Awara – Bobby – Ram Teri Ganga Maili
(B) Awara – Jhansi Ki Rani – Bobby – Ram Teri Ganga Maili
(C) Awara – Bobby – Jhansi Ki Rani – Ram Teri Ganga Maili
(D) Jhansi Ki Rani – Bobby – Awara – Ram Teri Ganga Maili

38. Match List – I (terms) with List – II (explanations)

| List – I (Terms) | List – II (Explanations) |
|---|---|
| (a) f-stop | (i) The element in a photograph |
| (b) pixel | (ii) The one that an experiment is not done on. |
| (c) view finder | (iii) Opening in a camera that controls the amount of light passing into the lense |
| (d) control group | (iv) The screen that shows the framing of an image |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (ii) |

39. Match List – I (Organisations) with List – II (Head quarters)

| List – I (Organisation) | List – II (Headquarters) |
|---|---|
| (a) AMIC | (i) Germany |
| (b) TOI | (ii) New Delhi |
| (c) PII | (iii) Singapore |
| (d) DPA | (iv) Mumbai |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

40. Match List – I (Script) with List – II (Production)

| List – I (Script) | List – II (Production) |
|---|---|
| (a) Screenplay | (i) Song-Music |
| (b) Functional specification | (ii) Computer software |
| (c) Program writing | (iii) Multimedia |
| (d) Lyric | (iv) Film |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

41. Match List – I (Organisations) with List – II (their functions)

| List – I (Organisation) | List – II (Their functions) |
|---|---|
| (a) PCI | (i) Newspaper circulations |
| (b) RNI | (ii) Safeguard press |
| (c) ABC | (iii) Newspaper registration |
| (d) PNB | (iv) News Agency |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

42. Match List – I (legal terms) with List – II (related areas)

| List – I (Legal terms) | List – II (Related areas) |
|---|---|
| (a) Defamation | (i) Country |
| (b) FIR | (ii) Slander |
| (c) Contempt | (iii) Court |
| (d) Sedition | (iv) Police |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**37.** भारत में निर्मित कलर फीचर फिल्मों का सही कालानुक्रम किस विकल्प में दिया गया है ?

(A) झाँसी की रानी – आवारा – बॉबी – राम तेरी गंगा मैली

(B) आवारा – झाँसी की रानी – बॉबी – राम तेरी गंगा मैली

(C) आवारा – बॉबी – झाँसी की रानी – राम तेरी गंगा मैली

(D) झाँसी की रानी – बॉबी – आवारा – राम तेरी गंगा मैली

**38.** सूची – I (पद) का सूची – II (विवरण) से मिलान करें :

| **सूची – I (पद)** | **सूची – II (विवरण)** |
|---|---|
| (a) एफ-स्टाप | (i) फोटोग्राफ में एक तत्त्व |
| (b) पिक्सेल | (ii) जिसके ऊपर कोई प्रयोग (एक्सपेरिमेंट) नहीं किया गया है |
| (c) व्यू फाइंडर | (iii) कैमरा में एक मुख-विवर (छिद्र) जो लैंस में जाने वाले प्रकाश को नियंत्रित करता है |
| (d) कंट्रोल ग्रुप | (iv) किसी छवि के फ्रेमिंग को दर्शाने वाला पर्दा |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (ii) |

**39.** सूची – I (संगठन) का सूची – II (मुख्यालय) से मिलान करें ।

| **सूची – I (संगठन)** | **सूची – II (मुख्यालय)** |
|---|---|
| (a) ए एम आई सी | (i) जर्मनी |
| (b) टी ओ आई | (ii) नई दिल्ली |
| (c) पी आई आई | (iii) सिंगापुर |
| (d) डी पी ए | (iv) मुंबई |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**40.** सूची – I (स्क्रिप्ट) का सूची – II (उत्पाद) से मिलान करें ।

| **सूची – I (स्क्रिप्ट)** | **सूची – II (उत्पाद)** |
|---|---|
| (a) पटकथा | (i) गीत-संगीत |
| (b) फंक्शनल स्पेसिफिकेशन | (ii) कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर |
| (c) प्रोग्राम लेखन | (iii) मल्टीमीडिया |
| (d) गीत | (iv) फिल्म |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**41.** सूची – I (संगठन) का सूची – II (कार्य) से मिलान करें ।

| **सूची – I (संगठन)** | **सूची – II (कार्य)** |
|---|---|
| (a) पी सी आई | (i) समाचार पत्र सर्कुलेशन |
| (b) आर एन आई | (ii) प्रेस का बचाव |
| (c) ए बी सी | (iii) समाचार पत्र पंजीकरण |
| (d) पी एन बी | (iv) समाचार एजेंसी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**42.** सूची – I (विधिक पद) का सूची – II (संबंधित क्षेत्र) से मिलान करें :

| **सूची – I (विधिक पद)** | **सूची – II (संबंधित क्षेत्र)** |
|---|---|
| (a) मानहानि | (i) देश |
| (b) एफ आई आर | (ii) स्लैंडर |
| (c) अवमानना | (iii) न्यायालय |
| (d) देशद्रोह | (iv) पुलिस |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

**43.** Match List – I (Concept / Organisation) with List – II (Related activity)

| **List – I (Concept / Organisation)** | | **List – II (Related activity)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | PIL | (i) | Press |
| (b) | PIB | (ii) | Court of Law |
| (c) | IB | (iii) | Policing |
| (d) | NIC | (iv) | Information collection and analysis |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**44.** Match List – I (legal terms) with List – II (explanation)

| **List – I (Legal terms)** | | **List – II (Explanation)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Plaintiff | (i) | During the intervening period |
| (b) | Prima facie | (ii) | In course of trial |
| (c) | Sub judice | (iii) | Complaining party |
| (d) | Ad interim | (iv) | A case can be made out on the evidence available |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**45.** Match List – I (films) with List – II (directors)

| **List – I (Films)** | | **List – II (Directors)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Sooraj Ka Satwaan Ghoda | (i) | M.S. Satyu |
| (b) | Drifters | (ii) | Andrei Tarkovsky |
| (c) | Solaris | (iii) | Shyam Benegal |
| (d) | Garam Hawa | (iv) | John Grierson |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

Read the passage below, and answer the questions that follow based on your understanding of the passage :

The following are the areas where mass media researchers might encounter ethical dilemmas :

(i) Voluntary participation and informed consent; (ii) concealment and deception; and (iii) protection of privacy. All of these general ethical concerns apply to advertising research also. In addition, there are some ethical concerns that are unique to this area. Two of the most controversial are research about advertising to children and 'push-polling'.

A tremendous amount of advertising is directed towards children. Not surprisingly, much advertising research is conducted with children. Is it ethical to conduct research that uncovers new ways of making advertising effective with this group ? Many social critics argue that

**43.** सूची – I (अवधारणा / संगठन) का सूची – II (गतिविधि) से मिलान करें ।

| **सूची – I (अवधारणा / संगठन)** | **सूची – II (संबंधित गतिविधि)** |
|---|---|
| (a) पी आई एल | (i) प्रेस |
| (b) पी आई बी | (ii) न्यायालय |
| (c) आई बी | (iii) पोलिसिंग |
| (d) एन आई सी | (iv) सूचना संकलन एवं विश्लेषण |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**44.** सूची – I (विधिक पद) का सूची – II (विवरण) से मिलान करें ।

| **सूची – I (विधिक पद)** | **सूची – II (विवरण)** |
|---|---|
| (a) वादी | (i) मध्यवर्ती समय में |
| (b) प्रथम दृष्ट्या | (ii) सुनवाई की प्रक्रिया में होना |
| (c) न्यायाधीन | (iii) शिकायतकर्ता |
| (d) अंतरिम | (iv) उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर मामला बनता है |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**45.** सूची – I (फिल्म) का सूची – II (दिग्दर्शक) से मिलान करें :

| **सूची – I (फिल्म)** | **सूची – II (दिग्दर्शक)** |
|---|---|
| (a) सूरज का सातवाँ घोड़ा | (i) एम.एस. सत्यू |
| (b) ड्रीफ्टर्स | (ii) अंद्रे तार्कोव्स्की |
| (c) सोलरिस | (iii) श्याम बेनेगल |
| (d) गरम हवा | (iv) जॉन ग्रियर्सन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए तथा उसकी अपनी समझ के आधार पर इसके बाद में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जनसंचार माध्यमों के शोधार्थी निम्नलिखित क्षेत्रों में नैतिक दुविधा का सामना कर सकते हैं :

(i) स्वैच्छिक सहभागिता एवं सूचित सहमति; (ii) संगोपन एवं कपट; तथा (iii) गोपनीयता की रक्षा । सामान्य नैतिकता से सरोकार रखनेवाले ये सारे क्षेत्र विज्ञापन-शोध पर भी लागू होते हैं । बच्चों तथा 'पुश पोलिंग' से संबंधित विज्ञापनों पर किए जा रहे शोध दो सर्वाधिक विवादास्पद शोध हैं ।

विज्ञापनों की विपुलमात्रा बालोन्मुख होती है । इसमें आश्चर्य नहीं कि विज्ञापन शोध अधिकतर बाल-समूह पर केंद्रित होते हैं । इस समूह पर प्रभाव डालने वाले विज्ञापनों के लिए नये तरीकों की खोज करने हेतु शोध कार्य करना क्या नैतिकतापूर्ण है ? अनेक सामाजिक समीक्षक यह तर्क देते हैं कि अति संवेदनशील होने के कारण बच्चे विज्ञापनों के शिकार बनते हैं तथा

children are a vulnerable audience and should be shielded from all forms of advertising. These same people would argue that research that helps advertisers further manipulate this group is not ethical. In 1999, a group of psychologists called on the American Psychological association to restrict the use of psychological research designed to help sell toys, snacks, video games and other products to bids.

The second area, "push-polling", often crops up in political campaigns. At its worst, push-polling involves a bogus public opinion poll put into the field by candidate A in an attempt to spread dirt about candidate B. The push poll would contain negative and often incorrect information about candidate B designed to push the voters away from supporting him or her. Most researchers would condemn this form of polling as unethical. The line becomes less clear, however, in other situations. When constructing an ad campaign for a candidate, it is often helpful to know what negatives about the opponent should be stressed. Some legitimate polling might include information that might have negative connotations, (e.g. "Are you aware that candidate B has been twice divorced ?"). The appropriate amount of negative items to include can be a difficult ethical problem.

**46.** One of the controversial research about advertising on children is

(A) Advertising help manipulating them

(B) Selling of Food

(C) Selling of Clothes

(D) Push Polling

**47.** A group of psychologists told the American Psychological Association to

(A) Conduct psychological research more

(B) Restrict psychological research on children

(C) ban all kinds of research

(D) conduct only analytical research

**48.** The critics do not approve research on children to find out the impact is because they

(A) are affected negatively psychologically

(B) do not have money

(C) become consumerists

(D) shun away from studies

**49.** 'Push Polling' involves

(A) positive aspects of someone

(B) negative aspects of someone

(C) how to be neutral about someone

(D) how to fight with candidates

**50.** One dilemma that researchers face while designing a research project for children is

(A) the number of children to be included

(B) the number of children to be eliminated

(C) the appropriate amount of negative messages to be included

(D) the appropriate amount of positive messages to be included

इन्हें हर प्रकार के विज्ञापनों से बचाना चाहिए । ये समीक्षक यह तर्क भी देते हैं कि इस समूह को चालाकी से और अधिक प्रभावित करने वाला शोध नैतिकता पूर्ण नहीं है । सन् 1999 में मनोवैज्ञानिकों के एक समूह ने अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन से यह गुहार लगाई कि बच्चों के बीच खिलौनों,स्नैक्स, वीडियो गेम्स तथा अन्य उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए किये जा रहे वैज्ञानिक शोध के उपयोग पर रोक लगाई जाय ।

दूसरे क्षेत्र, अर्थात् ''पुश-पोलिंग'' का उपयोग राजनीतिक प्रचारअभियान में किया जाता है । पुश पोलिंग अधमतम स्थिति में, प्रत्याशी 'अ' द्वारा प्रत्याशी 'ब' को बदनाम करने के लिए चुनाव क्षेत्र में अफवाह फैलाने का काम जाली जनमत पोल द्वारा किया जाता है । पुश पोल में प्रत्याशी 'बी' के बारे में नकारात्मक या बहुधा गलत सूचना दी जाती है ताकि उसे समर्थन देने वाले वोटरों (मतदाताओं) को उसके पक्ष से ढकेल कर दूसरे पक्ष की ओर कर दिया जाय । अधिकतर शोधार्थी पोलिंग के इस स्वरूप को अनैतिकतापूर्ण कह कर इसकी निंदा करेंगे । तथापि, अन्य स्थितियों में यह रेखा कम स्पष्ट होती है । किसी प्रत्याशी के लिए प्रचार विज्ञापन तैयार करते समय यह जानना बहुधा सहायक होता है कि विरोधी प्रत्याशी के किन नकारात्मक पक्षों पर बल दिया जाय । कुछ परिनिष्ठित मतदान (पोल्स) में भी नकारात्मक सूचना सम्मिलित की जा सकती है (जैसे, 'क्या आपको मालूम है कि प्रत्याशी 'ब' का दो बार तलाक हो चुका है ?') इसका निर्धारण करना एक कठिन समस्या है कि नकारात्मक बातों को किस परिमाण में शामिल करना उचित है ।

**46.** बच्चों से संबंधित विज्ञापन कार्य पर एक विवादास्पद शोध निम्नलिखित में से क्या है ?

(A) विज्ञापन बच्चों को चालाकी से प्रभावित करने में सहायक है

(B) खाद्य पदार्थ बेचना

(C) वस्त्र बेचना

(D) पुश-पोलिंग

**47.** मनोवैज्ञानिकों के एक समूह ने अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन से किस बात के लिए गुहार लगाई ?

(A) और अधिक मनोवैज्ञानिक शोध करने के लिए ।

(B) बच्चों पर मनोवैज्ञानिक शोध करने पर रोक लगाने के लिए ।

(C) सभी प्रकार के शोध पर प्रतिबंध लगाने के लिए ।

(D) केवल विश्लेषणात्मक शोध करने के लिए ।

**48.** बच्चों पर प्रभाव का पता लगाने वाले शोध को समीक्षकगण स्वीकृति नहीं देते क्योंकि

(A) बच्चों पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है ।

(B) बच्चों के पास पैसे नहीं होते ।

(C) बच्चे उपभोक्तावादी बन जाते हैं ।

(D) वे पढ़ाई करना बंद कर देते हैं ।

**49.** 'पुश पोलिंग' का संबंध किससे है ?

(A) किसी व्यक्ति के सकारात्मक पक्ष से ।

(B) किसी व्यक्ति के नकारात्मक पक्ष से ।

(C) किसी के बारे में तटस्थ होने से ।

(D) प्रत्याशियों से कैसे चुनाव लड़ा जाय - इससे

**50.** बच्चों के लिए शोध परियोजना तैयार करते समय शोधार्थियों को निम्नलिखित में से किस दुविधा का सामना करना पड़ता है ?

(A) शामिल किए जाने वाले बच्चों की संख्या

(B) नहीं शामिल किए जाने वाले बच्चों की संख्या

(C) नकारात्मक संदेश का उचित परिमाण

(D) सकारात्मक संदेश का उचित परिमाण

**Space For Rough Work**